मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित



मुक्त चिन्तन
29 अगस्त, 2025

# मुविवि में राष्ट्रीय त्रिदिवसीय खेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन







*मेजर ध्यानचन्द के छायाचित्र पर पुष्पार्पण करते हुए विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण*
















युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की मंशा एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली की अपेक्षानुरूप आज दिनांक 29 अगस्त, 2025 को उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सरस्वती परिसर में त्रिदिवसीय 'राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रातः 7:30 बजे विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, कुलसचिव, शिक्षक, कर्मचारी एवं शोध छात्रों द्वारा मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी ने विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों एवं शोधार्थियों को 'स्वस्थ भारत शपथ' दिलाई।

शपथ के पश्चात 'एक घंटा खेल के मैदान में' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 8:00 बजे से 9:00 तक बोरा दौड़, चम्मच दौड़, रस्साकशी एवं खो–खो जैसे मनोरंजक व टीम भावना बढ़ाने वाले खेलों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बोरा दौड़ में विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ अतुल मिश्रा, शोध छात्र संजय सिंह, अंबुज तिवारी, रमन वर्मा तथा कर्मचारी महेंद्र वर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से महेंद्र वर्मा ने प्रथम, रमन वर्मा ने द्वितीय तथा संजय सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चम्मच दौड़ में विश्वविद्यालय के विद्याशाखों के निदेशक प्रो. संतोषा कुमार, प्रो. सत्यपाल तिवारी, शिक्षक डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. दिनेश गुप्ता, शोधार्थी अनुराग शुक्ला, संजय सिंह, रमन वर्मा, अंबुज तिवारी एवं कर्मचारी महेंद्र वर्मा एवं चंदन यादव द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौड़ में डॉ. अभिषेक सिंह प्रथम, संजय सिंह द्वितीय तथा अंबुज तिवारी तृतीय स्थान पर रहे।







*फिट इंडिया शपथ दिलाते हुए विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी एवं शपथ लेते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण*



रस्साकसी में दो टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रथम दल में प्रो. पीके स्टालिन, प्रो. सत्यपाल तिवारी, डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. सुभाष चंद्र पाल, डॉ. दिनेश गुप्ता, डॉ. अभिषेक सिंह, अनुपम एवं संजय सिंह; तथा, द्वितीय दल में प्रो. संतोषा कुमार, डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ. अमित सिंह, डॉ. संतोष भारती, प्रदीप कुमार यादव, रामप्रवेश यादव, अंबुज तिवारी, रमन वर्मा एवं महेंद्र वर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया। अत्यंत उत्साह से खेले गए इस मनोरंजक खेल में द्वितीय दल विजेता तथा प्रथम दल उपविजेता रहा।
































कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति जी ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह एवं खेल भावना की सराहना करते हुए आयोजक मंडल को सफल कार्यक्रम के आयोजन की बधाई दी। इस अवसर पर श्रीमती सीमा सत्यकाम एवं कुलसचिव कर्नल विनय कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन प्रो. मीरा पाल, डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी एवं डॉ. त्रिविक्रम तिवारी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. संतोषा कुमार, आयोजन सचिव डॉ. सुनील कुमार एवं सह–आयोजन सचिव डॉ. सुभाष चंद पाल, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. सोहनी देवी, डॉ. योगेश यादव एवं राजेश सिंह रहे। संपूर्ण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों को कर्मचारी एवं शोध छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। 'राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम' के दूसरे दिन कल दिनांक 30 अगस्त 2025 को शतरंज, वाद–विवाद एवं योग कार्यक्रम का आयोजन होगा।